दैनिक भास्कर 24/02/2023

# रिज्यूम लेखन व साक्षात्कार की तैयारी के बारे में बताया



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में अंग्रेजी विभाग, लैंग्वेज लैब, प्रबंधकीय विभाग और स्पीक इंग्लिश जिम संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने स्पीक इंग्लिश जिम संस्थान के निदेशक गुलजार मेहता का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के रोजगार विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. सीमा कंसल ने साक्षात्कार का महत्व बताया। गुलजार मेहता व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के महत्व के बारे में फनफील्ड गतिविधियों द्वारा बताया गया। कार्यशाला में डॉ. भारती विज, प्रबंधकीय विभागाध्यक्ष का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। अंग्रेजी विभाग से कमलेश, डॉ. ज्योति, डॉ. अंशु, डॉ. नीना, डॉ. राजेंद्रा, रचना खन्ना मौजूद थे।